**प्रस्ताव हेतु निवेदन (आर एफ़ पी)**

**ईसीजीसी लिमिटेड में पी सी एम एम मूल्यांकन के लिए परामर्शदाता की नियुक्ति**

**आर एफ पी संदर्भ संख्या : ईसीजीसी/मासंवि/पी सी एम एम/1032/01**

**दिनांक: 01.10.2018**

**ईसीजीसी लिमिटेड**

**दलामल हाउस, तल मंज़िल, नरीमन पॉइंट मुंबई-400021**

## विषय वस्तु


अस्वीकरण....................................................................................................................4

निविदा का विवरण........................................................................................................5

ईसीजीसी लिमिटेड की रूपरेखा.......................................................................................7

उद्देश्य...........................................................................................................................7

कार्यक्षेत्र.........................................................................................................................7

प्रश्नों के स्पष्टीकरण.......................................................................................................9

समुचित सावधानी..........................................................................................................9

आरएफ़पी का संशोधन...................................................................................................9

कार्य की समयावधि.......................................................................................................9

पात्रता मानदंड...............................................................................................................10

बोली प्रस्ताव प्रक्रिया....................................................................................................12

तकनीकी प्रस्ताव.......................................................................................................12

वाणिज्यिक प्रस्ताव....................................................................................................12

आरएफ़पी की खरीद तथा अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट.........................................................13

आरएफ़पी की खरीद...................................................................................................13

अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट................................................................................................13

मूल्यांकन मानदंड.........................................................................................................14

मूल्यांकन मानदंड.......................................................................................................14

मूल्यांकन प्रक्रिया ......................................................................................................15

गोपनीयता समझौता /निष्पादन गारंटी.........................................................................16

भुगतान शर्तें..................................................................................................................16

विविध नियम एवं शर्तें......................................................................................................16

अनुलग्नकों की सूची......................................................................................................18

अनुलग्नक क......................................................................................................18

अनुलग्नक ख......................................................................................................19

अनुलग्नक ग......................................................................................................21

अनुलग्नक घ......................................................................................................23

अनुलग्नक च......................................................................................................24

अनुलग्नक छ......................................................................................................25

अनुलग्नक ज......................................................................................................26

अनुलग्नक झ......................................................................................................27

**अस्वीकरण**

इस प्रस्ताव हेतु निवेदन दस्तावेज़(आरएफ़पी दस्तावेज़/ बोली दस्तावेज़) में वर्णित सूचनाएं अथवा इस अनुक्रम में ईसीजीसी द्वारा मेल अथवा दस्तावेज़ के रूप में निविदाकर्ताओं को प्रदान की जाने वाली सूचनाएँ इस आरएफ़पी दस्तावेज़ में उपलब्ध नियम एवं शर्तों के अधीन उपलब्ध कराई जा रही है।

यह आरएफपी दस्तावेज न तो अनुबंध है एवं न ही प्रस्ताव है बल्कि ईसीजीसी की निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के इच्छुक निविदाकर्ताओं के लिए केवल एक आमंत्रण है। इस आरएफपी दस्तावेज़ का उद्देश्य निविदाकर्ता को प्रस्तावों के निर्माण में सहायता हेतु को सूचनाएं प्रदान करना है और संभव है कि इसमें उनके द्वारा वांछित सभी सूचनाएं शामिल न हों।

ईसीजीसी इस आरएफपी दस्तावेज़ की सटीकता, विश्वसनीयता या पूर्णता के लिए किसी भी विधान, क़ानून, नियम या अधिनियमों के अंतर्गत कोई देयता नहीं रखेगा। ईसीजीसी अपने पूर्ण विवेक में, लेकिन ऐसा करने के लिए किसी भी बाध्यता के बिना, इस आरएफपी दस्तावेज़ में जानकारी को अद्यतित, संशोधित या पूरित कर सकता है।

ईसीजीसी के पास इस आरएफ़पी दस्तावेज के उत्तर में प्राप्त किसी भी या सभी बोलियों / प्रस्तावों को किसी भी स्तर पर बिना कारण बताए अस्वीकार करने के समस्त अधिकार सुरक्षित है। इस संबंध में ईसीजीसी का निर्णय अंतिम, निर्णायक तथा सभी पक्षों पर बाध्यकारी होगा। प्रस्ताव हेतु निवेदन दस्तावेज़ के के उत्तर में निविदाकर्ताओं द्वारा प्रदान की गई जानकारी ईसीजीसी की संपत्ति बन जाएगी और वह वापस नहीं की जाएगी।

## निविदा का विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रक्रिया के प्रारम्भ होने की तारीख (अर्थात ईसीजीसी की वेबसाइट पर टेंडर दस्तावेज का पोस्ट किया जाना) | 01.10.2018 |
| 2 | बोलीकर्ताओं से स्पष्टीकरण हेतु मेल द्वारा प्रश्नों को प्राप्त करने का अंतिम तिथि | 05.10.2018 |
| 3 | ईसीजीसी द्वारा प्रश्नों के स्पष्टीकरण जारी करने की अंतिम तिथि | 08.10.2018 |
| 4 | तकनीकी एवं वित्तीय बोली सहित बोली दस्तावेज़ को जमा करने की अंतिम तिथि | 10.10.2018 |
| 5 | तकनीकी बोली खोलने की तिथि | 11.10.2018 |
| 6 | तकनीकी/ वाणिज्यिक बोली की वैधता अवधि | बिडिंग दस्तावेज़ जमा करने की तिथि के बाद साठ दिन (60 दिन) |
| 7 | 1. वे बोलीकर्ता, जो तकनीकी बोली भाग I में कम से कम 70 % अंक (80 से 56 अंक) प्राप्त करेंगे पात्र होंगे (कृपया पृष्ठ संख्या 14 पर “मूल्यांकन मानदंड” का संदर्भ लें।)<br><br>2. वे बोलीकर्ता जो भाग I में पात्र पाए जाएंगे उनका मूल्यांकन प्रोजेक्ट स्टेयरिंग समित द्वारा किया जाएगा एवं भाग 2 में उपर्युक्त मानदंडों के आधार पर 20 अंक दिए जाएंगे। (कृपया पृष्ठ संख्या 14 पर “मूल्यांकन मानदंड” का संदर्भ लें।)<br>तत्पश्चात, वाणिज्यिक बोलियाँ खोली जाएंगी ।<br><br>3. भाग I एवं भाग II में प्राप्त अंकों के आधार पर बोलीकर्ता का सम्मिलित मूल्यांकन किया जाएगा। जिन 3 उच्चतम अंक प्राप्त बोलीकर्ताओं में से जिसके वाणिज्यिक बोली की दरें सबसे कम होगी उसे संविदा प्रदान की जाएगी। (कृपया पृष्ठ संख्या 14 पर “मूल्यांकन मानदंड” का संदर्भ लें।)<br><br>4. यदि कोई बोलीकर्ता संविदा स्वीकार करने में असमर्थ होता है तो सबसे कम दर वाले बोलीकर्ता को संविदा प्रदान की जाएगी। | |

| | | |
|---|---|---|
| 8 | संपर्क विवरण (ईसीजीसी  लिमिटेड) | **नाम: श्रीमती तापसी सेन डे**<br>**पद:** महाप्रबंधक<br>मानव संसाधन विभाग.<br>**ई-मेल** : hrd@ecgc.in<br>**पता:** दलामल हाउस तल मंज़िल,<br>नरीमन पॉइंट, मुंबई-400021<br>**दूरभाष:** 02266138401 |
| 9 | अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (ईएमडी) | ईसीजीसी लिमिटेड के पक्ष में 50,000/- (पचास हज़ार रु मात्र )रु के  मुंबई  में  देय मांग ड्राफ्ट /एनईएफ़टी के रूप  में।<br>ई एम डी तकनीकी बोली के साथ संलग्न की जाए। |

**नोट : समय सीमाओं में परिवर्तन पर ईसीजीसी का पूर्ण विवेकाधिकार है।**

**ईसीजीसी की रूपरेखा**

ईसीजीसी लिमिटेड (पूर्व में निर्यात ऋण गारंटी निगम लिमिटेड), भारत सरकार का एक उद्यम है, जिसकी स्थापना 30/07/1957 को कंपनी अधिनियम 1956 के अंतर्गत हुई है। ईसीजीसी लिमिटेड भारत में निर्यातकों और बैंकों को निर्यात ऋण बीमा सुविधा प्रदान करता है। यह वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करता है और इसका प्रबंधन सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक, बैंकिंग, बीमा और निर्यातक समुदाय के प्रतिनिधियों के निदेशक मंडल द्वारा किया जाता है। ईसीजीसी सामान्य बीमा वर्ग के तहत आईआरडीएआई के साथ पंजीकरण संख्या 124 के अंतर्गत पंजीकृत है।

वर्षों से, भारतीय निर्यातकों और वाणिज्यिक बैंकों की आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न निर्यात ऋण जोखिम बीमा उत्पादों का विकास हुआ है। राष्ट्रीय निर्यात के कवरेज के संदर्भ में ईसीजीसी दुनिया का सातवां सबसे बड़ा ऋण बीमाकर्ता है। 60 शाखाओं एवं 5 क्षेत्रीय कार्यालयों के नेटवर्क में 600 से अधिक कर्मचारियों सहित कंपनी की वर्तमान चुकता पूंजी 2000 करोड़ रुपए तथा अधिकृत पूंजी 5000 करोड़ रुपए है।

**उद्देश्य**

ईसीजीसी लिमिटेड, कंपनी के कार्मिक क्षमता एवं परिपक्वता मॉडल (आगे से पी सी एम एम के रूप में संदर्भित) का मूल्यांकन करना चाहता है। इस संबंध में, ईसीजीसी, इस प्रस्ताव हेतु निवेदन (आरएफ़पी) में वर्णित कार्यक्षेत्र के अनुसार प्रतिष्ठित तथा सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड वाले परामर्शदाताओं से आरएफ़पी आमंत्रित करता है।

**कार्यक्षेत्र**

ईसीजीसी लिमिटेड पी सी एम एम मूल्यांकन एवं कंपनी की क्षमता/ परिपक्वता का स्तर जांचने एवं परिपक्वता स्तर को अपग्रेड करने की आवश्यकता हेतु, यदि कोई है, पर सिफ़ारिश देने के लिए परामर्शदाता कंपनी की सेवाएँ लेना चाहता है।

**कार्य का क्षेत्र मुख्यतः निम्न होगा :**

1. ईसीजीसी लिमिटेड के कार्यबल का पीसीएमएम के साथ-साथ परिपक्वता के वर्तमान स्तर का आकलन और निर्धारण, जिसमें शामिल हैं, परंतु इन तक सीमित नहीं हैं : -

    - जांच एवं केन्द्रित समूह सेशन के माध्यम से एच आर पॉलिसियों तथा प्रचलनों के परियोजन की समीक्षा।

- प्रत्येक प्रक्रिया क्षेत्र जैसे प्रक्रिया आरंभकर्ता, वरिष्ठ नेतृत्व, मध्य प्रबंधन स्तर, जूनियर प्रबंधन स्तर के लिए साक्षात्कार (प्रत्यक्ष या वर्चुअल) हेतु प्रतिनिधि नमूना (एसबीयू / संस्थाओं में)।

2. ईसीजीसी लिमिटेड कार्यबल प्रचलनों के परिपक्वता स्तर का निर्धारण
3. अंतर मूल्यांकन रिपोर्ट के अवलोकनों का दस्तावेजीकरण जिसमें शामिल हैं :

- कार्यकारी संक्षिप्त-शक्तियाँ, सुधार के लिए प्रमुख विषय और सिफारिशें
- दृष्टिकोण और परिनियोजन पर रेड एम्बर ग्रीन रेटिंग।
- पीसीएमएम बेंचमार्किंग मूल्यांकन और परिपक्वता स्तर में उन्नयन प्राप्त करने हेतु उच्चस्तरीय लक्ष्य एवं कार्ययोजना
- विस्तृत निष्कर्ष- प्रत्येक पीसीएमएम प्रक्रिया क्षेत्र द्वारा उन्नयन के लिए मॉडल से अपेक्षाएं, शक्तियाँ और अवसर।
- प्रत्येक प्रक्रिया क्षेत्र के लिए कमियों का दस्तावेजीकरण और प्रमुख निष्कर्ष / कमियों को दूर करने के लिए सिफारिशें प्रदान करना।
- जैसा है एवं वांछित स्थिति पर एकीकृत रिपोर्ट। प्रत्येक प्रक्रिया क्षेत्र के लिए सर्वोत्तम प्रचलन रिपोर्ट।

**प्रदेय :**

1. कमी मूल्यांकन की विस्तृत अनुसूची
2. उपरोक्त कार्यक्षेत्र में उल्लेखित सभी बिन्दुओं सहित विस्तृत कमी मूल्यांकन रिपोर्ट (मसौदा सहित अंतिम रिपोर्ट)
3. शीर्ष प्रबंधन के साथ साझा करने हेतु उच्च स्तरीय सारांश रिपोर्ट ।
4. सिफारिशों पर व्यावहारिकता और व्यवहार्यता पर रिपोर्ट प्रस्तुत की जानी चाहिए।
5. प्रस्तावित परिपक्वता स्तर को प्राप्त करने हेतु समय-सारिणी के साथ विस्तृत संगठन विकास योजना और कार्ययोजना।
6. पीसीएमएम के सिंहावलोकन के लिए प्रमुख कर्मियों को प्रशिक्षण।

**समय सीमा :**

परामर्शदाता फर्म को ईसीजीसी लिमिटेड की पूर्ण संतुष्टि के लिए समयबद्ध तरीके से सभी पहलुओं में कार्य को पूरा करना होगा, और पी ओ/एल ओ आई जारी करने से 30 दिनों के भीतर मूल्यांकन करना होगा एवं अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

**प्रश्नों का स्पष्टीकरण:**

यदि किसी संभावित बोलीकर्ता को आरएफ़पी संबंधी कोई स्पष्टीकरण चाहिए तो वह, इस आरएफ़पी दस्तावेज़ में किसी अन्य स्थान पर वर्णित समय सीमा के भीतर, ई-मेल hrd@ecgc.in पर ईसीजीसी को सूचित कर सकता है।

**समुचित सावधानी**

बोलियाँ आरएफ़पी की अंतर्वस्तु को ध्यानपूर्वक अध्ययन तथा परीक्षण के उपरांत ही प्रस्तुत किया जाना चाहिए। बोली सभी प्रकार से पूर्ण तथा आरएफ़पी में वर्णित आवश्यकताओं के अनुसार उपलब्ध प्रारूप में ही होनी चाहिए। इस आरएफपी द्वारा आवश्यक सभी सूचनाएं प्रस्तुत करने में विफलता या इस आरएफ़पी के अनुरूप बोली को प्रस्तुत न किए जाने के परिणामस्वरूप बोली को अस्वीकार कर दिया जाना आवेदक का जोखिम होगा और जिसके लिए ईसीजीसी किसी भी परिस्थिति में जिम्मेदार नहीं होगा।

**आरएफ़पी का संशोधन**

बोली / प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि से पहले, ईसीजीसी, किसी भी कारण से, अपनी स्वयं की पहल पर या प्रस्तावित बोलीकर्ताओं द्वारा अनुरोधित स्पष्टीकरण के जवाब में, इस आरएफपी दस्तावेज़ को संशोधित कर सकता है। ईसीजीसी द्वारा जारी कोई भी स्पष्टीकरण, परिशिष्ट / शुद्धिपत्र के रूप में होगा और ईसीजीसी की वेबसाइट http://www.ecgc.in पर उपलब्ध होगा। इस तरह के संशोधन सभी पर बाध्यकारी होंगे और इस आरएफपी का एक अभिन्न अंग होंगे।

**असाइनमेंट की समयावधि**

यह असाइनमेंट संविदा प्रदान करने के 30 दिन की अवधि की भीतर पूर्ण कर लिया जाना चाहिए।

यदि कोई परामर्शदाता आर एफ पी में निर्धारित समयसीमा के भीतर उपरोक्त कार्य को असमर्थ रहता है तो उसके अनुरोध पर अधिकतम 5 दिन का विस्तार दिया जा सकता है।

कोई भी विस्तार यदि मंजूर किया जाता है तो उस पर संविदा मूल्य के 2% प्रतिदिन की दर से दंड लागू होगा, जो अधिकतम 5 दिन के लिए होगा, उसके बाद इसे संविदा का उल्लंघन माना जाएगा।

संविदा के उल्लंघन की स्थिति में विस्तार मंजूर करने, आदेश रद्द करने के सभी अधिकार ईसीजीसी के पास सुरक्षित हैं।

## पात्रता मानदंड

| क्र सं | ईसीजीसी लि. की आवश्यकताएं | निविदाकार द्वारा पुष्टि किए जाने हेतु |
|---|---|---|
| 1 | बोलीकर्ता भारतीय क़ानूनों के अंतर्गत स्थापित इकाई होनी चाहिए | कंपनी रजिस्ट्रार द्वारा जारी संस्थापन प्रमाणपत्र की प्रमाणित प्रति/ साझेदारी समझौता |
| 2 | पार्टी पी सी एम एम मूल्यांकन सम्बन्धी गतिविधियों से सम्बंधित कार्य के लिए सी एम एम आई संस्थान के साथ पंजीकृत भागीदारी संगठन होना चाहिए | पंजीकरण का प्रमाण |
| 3 | निविदाकार के पास किसी अन्य प्रतिष्ठित कम्पनी के लिए पी सी एम् एम् सम्बन्धी कार्य की प्रकृति वाले किसी अन्य कार्य में कार्य अनुभव होना चाहिए | बोली के साथ ग्राहक के ईमेल से प्राप्त ई मेल पुष्टि अथवा कार्य पूर्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जाए। |
| 4 | प्रबंधकीय, पर्यवेक्षक तथा अन्य उपलब्ध कर्मीयों के स्पष्ट विवरण प्रस्तुत करते हुए संगठन की हैसियत | ईसीजीसी में कार्य के लिए नियुक्ति हेतु आवश्यक योग्यता एवं अनुभव वाले पर्याप्त कर्मीबल की उपलब्धता की पुष्टि करते हुए एजेंसी का वचनपत्र |
| 5 | दिनांक 31.03.2018 से पिछले तीन वित्तीय वर्षों के लिए 10 करोड़ रु का औसत वार्षिक पण्यावर्त तथा पिछले दो वित्तीय वर्षों के लिए बोलीकर्ता का रिपोर्टिंग लाभ होना चाहिए। | दिनांक 31.03 .2018 को समाप्त तीन वित्तीय वर्षों के लिए आय कर विवरणियाँ एवं लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण प्रस्तुत किये जाए. |
| 6 | पैन सं | प्रति संलग्न करें |
| 7 | जी एस टी पंजीकरण | प्रति संलग्न करें |
| 8 | बोली दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए पावर ऑफ़ अटर्नी /प्राधिकार, यदि लागू हो, | |
| 9 | स्वीकृति के रूप में सम्पूर्ण निविदा दस्तावेज़ की | |

| | | |
|---|---|---|
| | मोहरबंद एवं हस्ताक्षरित प्रति संलग्न करें. | |
| 10 | बोलीकर्ता को भारत में किसी भी सरकारी वित्तीय संसथान / बैंक / सरकार / अर्धसरकारी विभागों द्वारा प्रतिकूल सूची में सूचीबद्ध न किया गया हो. | बोलीकर्ता द्वारा अपने पत्र शीर्षपत्र पर स्वघोषणा |
| 11 | फर्म को भारत में किसी भी विनियामक / सांविधिक निकाय / न्यायिक अथवा किसी अन्य प्राधिकरण द्वारा प्रतिकूल सूची में सूचीबद्ध / प्रतिबंधित न किया गया हो. | बोलीकर्ता द्वारा अपने पत्र शीर्षपत्र पर स्वघोषणा |
| 12 | बोलीकर्ता फर्म ईसीजीसी लि. के किसी निदेशक अथवा कर्मचारी के नियंत्रण में न हो | बोलीकर्ता द्वारा अपने पत्र शीर्षपत्र पर स्वघोषणा |

**बोली प्रस्ताव प्रक्रिया**

प्रस्ताव हेतु निवेदन दस्तावेज ईसीजीसी की वेबसाइट www.ecgc.in पर उपलब्ध कराया गया है। इच्छुक परामर्शदाता फर्म द्वारा अपने प्रस्तावों को **"तकनीकी बोली"** और **"वाणिज्यिक बोली"** प्रस्तावों वाले दो अलग-अलग और मुहरबंद लिफाफे में प्रस्तुत करना होगा जिस पर "ईसीजीसी लि. में पी सी एम एम मूल्यांकन के लिए परामर्शदाता की नियुक्ति के प्रस्ताव हेतु अनुरोध" अंकित हो।

**तकनीकी प्रस्ताव** :

इस दस्तावेज़ में वैचारिक प्रारूप की स्पष्ट रूप रेखा तथा कार्यान्वयन स्तर एवं प्रत्येक स्तर के अंत में प्रदेयताओं का विवरण शामिल होना चाहिये। साथ ही इसमें किसी बीमा/बैंक/ वित्तीय संस्था हेतु किए गए समान कार्य का विवरण होना चाहिए। तकनीकी बोली में टीम का विवरण, इसका गठन तथा विभिन्न स्तरों हेतु प्रस्तावित मुख्य कार्यकारियों का भी विवरण होना चाहिए।

**वाणिज्यिक प्रस्ताव :**

इसमें परियोजना की अवधि के दौरान कार्य हेतु प्रभारित कुल शुल्क/ मूल्य सहित वित्तीय कोट प्रस्तुत किया जाना चाहिए। वित्तीय कोट भारतीय रु. में होना चाहिए एवं इसमें सभी व्यय तथा लागू कर शामिल होने चाहिए।

**तकनीकी बोली** तथा **वाणिज्यिक बोली** के लिफाफों को एक अन्य लिफाफे में सील बंद कर उस पर "ईसीजीसी लि. में पी सी एम एम मूल्यांकन के लिए परामर्शदाता की नियुक्ति के लिए तकनीकी तथा वाणिज्यिक बोली" अंकित किया जाना चाहिए।

ई सी जी सी ECGC

**आरएफ़पी की खरीद तथा अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट**:

**आरएफ़पी की खरीद:**

इच्छुक पात्र बोलीकर्ता ईसीजीसी की वेबसाइट www.ecgc.in से आरएफ़पी दस्तावेज़ डाउनलोड कर सकते हैं तथा किसी भी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से ईसीजीसी लिमिटेड के पक्ष में 5,000/- रु के डिमांड ड्राफ्ट जो की मुंबई में देय हो, को तकनीकी बोली के साथ (एक भिन्न लिफाफे में) भेज सकते हैं। यह गैर वापसी योग्य शुल्क है तथा उपयुक्त डिमांड ड्राफ्ट के बिना भेजी गयी बोली पर विचार नहीं किया जाएगा।

**अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट:**

1. बोलीकर्ता द्वारा बोली के एक भाग के रूप में, अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट, किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक द्वारा जारी "ईसीजीसी लिमिटेड" के पक्ष में मुंबई में देय 50,000/-(भारतीय रुपए में मात्र पचास हज़ार) रु के डिमांड ड्राफ्ट के रूप में प्रस्तुत करना चाहिए।
2. ईएमडी पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।
3. ईएमडी को आरएफ़पी दस्तावेज़ के मूल्य के ड्राफ्ट के साथ एक अलग लिफाफे में रखा जाना चाहिए जिस पर "ईएमडी तथा आरएफ़पी का मूल्य" अंकित हो तथा इसे तकनीकी बोली में रखा जाना चाहिए।
4. इसे प्रस्तुत न किए जाने की स्थिति में बोली को बिना किसी पत्राचार के खारिज कर दिया जाएगा।
5. असफल बोलीकर्ताओं की ईएमडी को, ईसीजीसी द्वारा सफल बोलीकर्ता के साथ संविदा करने के 15 दिनों के बाद मुक्त कर दिया जाएगा/वापस लौटा दिया जाएगा।
6. यदि कोई बोलीकर्ता अपनी बोली, बोली की वैधता अवधि के भीतर वापस लेता है तो उसके द्वारा प्रस्तुत ईएमडी को जब्त कर लिया जाएगा।
7. सफल बोलीकर्ता के मामले में ईएमडी को जब्त कर लिया जाएगा यदि बोलीकर्ता-

- असाइनमेंट स्वीकार करने में असफल होता है, अथवा
- निष्पादन गारंटी प्रस्तुत करने में असफल होता है, अथवा
- निर्धारित समयसीमा के भीतर संबन्धित सेवाए उपलब्ध करने में असफल होता है अथवा
- आरएफ़पी की किसी भी शर्त को पूरा करने में असफल होता है।

## मूल्यांकन मानदंड :

प्रत्येक बोलीकर्ता का मूल्यांकन 100 अंको के स्केल पर निम्नलिखित मानदंडों के अंतर्गत किया जाएगा। अस्सी अंक तकनीकी बोली एवं बीस अंक प्रस्तुतीकरण के लिए निश्चित किए गए हैं।

| क्र सं | मूल्यांकन पैरामीटर | आवश्यक दस्तावेज़ | अधिकतम अंक | अंकन पद्धति |
|---|---|---|---|---|
| | | **भाग I** | | |
| 1 | सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों में पिछले 5 वर्षों के दौरान पूरे किये गए मानव संसाधन परामर्श सम्बन्धी कार्यों की सं | सम्बंधित पूर्व योग्यता मानदंडों की पूर्ति के समर्थन में कार्य आदेशों एवं पूर्ति प्रमाणपत्रों ( दोनों) की प्रतियाँ | 20 | • **20 अंक –** 5 अथवा अधिक कार्यों के लिए<br>• **16अंक -** 3-4 कार्यों के लिए<br>• **12 अंक –** 3 से कम कार्यों के लिए |
| 2 | पी सी एम एम परियोजनाओं में सलाहकारी / मूल्यांकनों की सं | सम्बंधित पूर्व योग्यता मानदंडों की पूर्ति के समर्थन में कार्य आदेशों एवं पूर्ति प्रमाणपत्रों ( दोनों) की प्रतियाँ | 20 | • **20 अंक –** 5 अथवा अधिक कार्यों के लिए<br>• **16अंक -** 3-4 कार्यों के लिए<br>• **12 अंक –** 3 से कम कार्यों के लिए |
| 3 | पिछले 5 वर्षों के दौरान संगठन द्वारा किये गए उच्च परिपक्वता वाले पी सी एम एम मूल्यांकनों की सं (परिपक्वता स्तर 4 + परिपक्वता स्तर 5) | टीम के विवरण सहित बोलीकर्ता के सी ई ओ द्वारा प्रमाणित दस्तावेजी प्रमाण | 20 | • **20 अंक –** 3 अथवा अधिक<br>• **16अंक -** 2<br>• **12 अंक –** 1 अथवा उससे |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | कम |
| **4** | ईसीजीसी के लिए इस प्रस्तावित कार्य में नियुक्त किये जाने वाले परियोजना प्रमुख का अनुभव – मा सं परामर्श में वर्षों की सं | बोलीकर्ता के सी ई ओ द्वारा प्रमाणित सी वी | **20** | • **20 अंक –** 10 अथवा अधिक<br>• **16अंक -** 7-10<br>• **12 अंक –** 7 से कम |
| | **कुल भाग I** | | **80** | |
| | | **भाग II** | | |
| 5 | किये गए तकनीकी प्रस्तावों के समर्थन में ईसीजीसी लि की आवश्यकताओं की गहरी समझ को दर्शाते हुए प्रेजेंटेशन | प्रोजेक्ट स्टेयरिंग समिति के सदस्यों द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा. | **20** | |
| | **कुल ( भाग I+ भाग II )** | | **100** | |

**मूल्यांकन प्रक्रिया**

1. तकनीकी बोली के भाग I में कम से कम 70% अंक (80 में से 56 अंक ) प्राप्त करने वाले बोलीकर्ता अर्हता प्राप्त करेंगे।
2. वे बोलीकर्ता जो भाग I में पात्र पाए जाएंगे उनका मूल्यांकन प्रोजेक्ट स्टेयरिंग समित द्वारा किया जाएगा एवं ऊपर उल्लेखित भाग 2 के मानदंडों के आधार पर 20 अंक दिए जाएंगे। इसके बाद वाणिज्यिक बोली को खोला जाएगा।
3. भाग I एवं भाग II में प्राप्त अंकों के आधार पर बोलीकर्ता का सम्मिलित मूल्यांकन किया जाएगा। 3 उच्चतम अंक प्राप्तकर्ताओं में से जिनकी वाणिज्यिक बोली की दरें सबसे कम होगी उसे संविदा प्रदान की जाएगी।
4. यदि चयनित बोलीकर्ता संविदा स्वीकार करने में असमर्थ होता है तो उसके बाद सबसे कम दर वाले बोलीकर्ता को संविदा प्रदान की जाएगी एवं यह क्रम जारी रहेगा।

## गोपनीयता समझौता /निष्पादन गारंटी

चयनित बोलीकर्ता को बोली की राशि / संविदा मूल्य के 100% की सीमा तक निष्पादन गारंटी प्रदान करनी होगी और संविदा की स्वीकृति के समय निर्दिष्ट प्रारूप में गोपनीयता अनुबंध पर हस्ताक्षर करना होगा।

## भुगतान शर्तें

1. संविदा दिए जाने पर कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा ।
2. ईसीजीसी के लिए कार्य के संतोषजनक सफल समापन पर परियोजना अवधि के अंत में भुगतान किया जाएगा।
3. सभी भुगतान, भुगतान के समय कर नियमों के अनुसार, टीडीएस, यदि कोई हो, के अधीन होंगे।
4. यह नोट किया जाए कि ईसीजीसी,"एग्रीड प्रोफेशनल फीस" के अलावा किसी भी राशि / व्यय / शुल्कों / फीस / यात्रा व्यय / बोर्डिंग व्यय / लॉजिंग व्यय / वाहन खर्च / अन्य जेब खर्चों का भुगतान नहीं करेगा।

## विविध अनुबंध एवं शर्तें

1. ईसीजीसी डाक से देरी या छुट्टियों सहित किसी भी कारण से निर्धारित तारीख के भीतर बोलियों की प्राप्ति न होने के लिए ज़िम्मेदार नहीं है ।
2. ईसीजीसी , अपनी वेबसाइट पर प्रदर्शित होने वाली अधिसूचना के तहत प्रतिक्रिया प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से पहले किसी भी समय आरएफपी को बदलने / संशोधित करने का अधिकार, सुरक्षित रखता है। बोलीकर्ताओं को आरएफपी जमा करने की अंतिम तिथि तक वेबसाइट पर नियमित रूप से विजिट करना चाहिए।
3. आरएफपी की आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं होने वाली बोली को ईसीजीसी द्वारा विचार नहीं किया जाएगा। हालांकि, ईसीजीसी के पास आरएफपी की किसी भी शर्त में किसी भी समय छूट प्रदान करने का अधिकार सुरक्षित है।
4. ईसीजीसी के पास संविदा प्रदान करने के पूर्व, प्रभावित बोलीकर्ता (ओं) के लिए किसी भी देयताओं के बिना किसी भी समय आरएफपी प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है। रद्द करने के कारणों में, जैसा कि ईसीजीसी द्वारा उसके विवेकाधिकार में निर्धारित किये गए हैं, निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं परन्तु ये सीमित नहीं हैं :

- संबन्धित सेवाओं की कोई आवश्यकता नहीं रह गई हो;
- अनेपक्षित तत्वों एवं/अथवा परिवर्तन के कारण कार्य का परिक्षेत्र पर्याप्त रूप से परिभाषित न हो अथवा स्पष्ट न हो
- कार्य/परियोजना के लिए प्रस्तावित शुल्क स्वीकार्ययोग्य न हो
- अन्य कोई कारण

5. बोलीकर्ता को अपने प्रस्तावों की तैयारी, ईसीजीसी की विजिट, प्रोजेक्ट स्टेयरिंग समिति इत्यादि के समक्ष उनकी प्रस्तुति के संबंध में सभी लागतों को वहन करना होगा। चयन प्रक्रिया के आयोजन या परिणाम की परवाह किए बिना ईसीजीसी ऐसी लागतों के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

6. ईसीजीसी बोली सूचना की वैधता को सत्यापित करने और किसी भी बोली को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, जहां आरएफपी की प्रक्रिया के दौरान या अनुबंध के बाद भी किसी भी समय आंशिक रूप से या पूर्णरूप से प्रदत्त जानकारी गलत पायी गयी हो।

7. आरएफपी के सभी पृष्ठों को बोलीकर्ता के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा मुद्रांकित और हस्ताक्षरित किया जाना चाहिए। प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के पक्ष में प्राधिकार पत्र जिस पर प्रबंध निदेशक/भागीदार के हस्ताक्षरित हो, तकनीकी बोली के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

8. ईसीजीसी अपने विवेकाधिकार से ईसीजीसी की सूचना / दस्तावेजों आदि की गोपनीयता बनाए रखने के लिए परामर्शदाता के कर्मचारियों से एक वचनपत्र ले सकता है। ईसीजीसी परामर्शदाता के कर्मचारियों के बायोडाटा में उल्लेखित विवरणों के साथ साथ कार्य से सबंधित अनुभव की जांच भी कर सकता है।

**अनुबंधों की सूची**

**अनुबंध : क**

**(आवरण पत्र तकनीकी प्रस्ताव)**

(परामर्शदाता के पत्रशीर्ष पर ईसीजीसी को पत्र)

दिनांक:________

प्रति,

महाप्रबंधक
मानव संसाधन विकास
ईसीजीसी लिमिटेड
दलामल हाउस, तल मंजिल
नरीमन पॉइंट
मुंबई – 400021

महोदया /महोदय,

**विषय : ईसीजीसी लिमिटेड में पी सी एम एम मूल्यांकन के लिए परामर्शदाता की नियुक्ति हेतु आर एफ पी**

**संदर्भ संख्या ईसीजीसी/मासंवि/पी सी एम एम /1032/01 दिनांक : 01.10.2018**

हम एतदद्वारा, उपरोक्त आर एफ पी में उल्लेखित विवरण के अनुसार ईसीजीसी लिमिटेड में पी सी एम एम स्तर के मूल्यांकन के लिए अपनी सेवाएं प्रदान करने हेतु, मुहरबंद लिफाफे में हमारी तकनीकी बोली/प्रस्ताव संलग्न कर रहे हैं।

हम, आर एफ पी में उल्लेखित सभी निबंधन एवं शर्तों से सहमत हैं। यह प्रस्ताव हमारे लिए, बोली की वैधता अवधि के दौरान यथा बोली को प्रस्तुत करने की आखिरी तारीख से 60 दिनों तक एवं संविदा वार्ता से होने वाले संशोधनों के अधीन, बाध्यकारी होगा।

भवदीय,

(नाम एवं पदनाम, फर्म की मुहर)
संलग्न : मुहरबंद लिफाफे में तकनीकी प्रस्ताव ।

**अनुबंध ख**

**प्रस्ताव फॉर्म**

**(तकनीकी प्रस्ताव लिफाफे में शामिल किया जाए)**

प्रति,

महाप्रबंधक
मानव संसाधन विकास
ईसीजीसी लिमिटेड
दलामल हाउस, तल मंजिल
नरीमन पॉइंट
मुंबई – 400021

महोदया /महोदय,

**विषय : ईसीजीसी लिमिटेड में पी सी एम एम मूल्यांकन के लिए परामर्शदाता की नियुक्ति**

**संदर्भ संख्या ईसीजीसी/मासंवि/पी सी एम एम /1032/01 दिनांक : 01.10. 2018**

हम उपरोक्त आर एफ पी दस्तावेज़ में उल्लेखित आवश्यकताओं के अनुसार ईसीजीसी लिमिटेड में पी सी एम एम मूल्यांकन के लिए अपनी सेवाएं प्रदान करने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करते हैं।

यदि हमारी बोली स्वीकार कर ली जाती है, तो आरएफपी दस्तावेज में विनिर्दिष्ट अनुसार कार्य के परिक्षेत्र, डिलिवरेबल्स और समय सीमाओं के अनुसार कार्य करने के लिए हम वचनबद्ध है ।

हम यह पुष्टि करते है कि हमारी बोली में हमारे द्वारा प्रस्तुत सूचना सत्य एवं सही है। हम आरएफपी में उल्लिखित नियमों और शर्तों का पालन करने के लिए सहमत हैं।

हम घोषणा करते हैं कि हमने आरएफपी दस्तावेज में कोई भी परिवर्तन / संशोधन नहीं किए हैं एवं हमें पूर्ण रूप से अवगत हैं कि किसी भी परिवर्तन की स्थिति में, ईसीजीसी द्वारा तैयार किए गए आरएफपी दस्तावेज़ को प्रामाणिक और बाध्यकारी माना जाएगा और हमारे द्वारा प्रस्तुत बोली / प्रस्ताव को ईसीजीसी द्वारा अस्वीकार कर दिया जाएगा।

हम प्रमाणित करते हैं कि हमारे या किसी भी निदेशकों / प्रबंधकों / कर्मचारियों के खिलाफ किसी भी न्यायालय द्वारा कोई किसी प्रकार की आपराधिक कार्यवाही नहीं हुई है या किसी विनियामक प्राधिकरण द्वारा दुर्व्यवहार, दोषी या अभियोग / प्रतिकूल आदेश के लिए न्यायालय द्वारा विचार

नहीं किया गया है और यदि ऐसा होता है तो हम ईसीजीसी को तुरंत सूचित करेंगे।

हम वचनबद्ध हैं कि हम धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार के विरुद्ध भारत में लागू कानून "भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988" का सख्ती पालन करेंगे।

हमें ज्ञात है कि ईसीजीसी प्रक्रिया में भागीदारी के लिए हमारे अनुरोध को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है या हमारी बोली स्वीकार करने या किसी भी बोली को अस्वीकार करने से सम्बंधित कोई कारण बताने के लिए बाध्य नहीं है। हम इससे भी सहमत हैं और पुष्टि करते हैं कि बोली दस्तावेजों की तैयारी, ईसीजीसी में उपस्थिति, प्रोजेक्ट स्टेयरिंग समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण या बोली प्रक्रिया में भाग लेने के लिए आवश्यक कोई भी अन्य गतिविधि के संबंध में हमारे द्वारा किए गए किसी भी व्यय का दावा करने का हमें कोई अधिकार नहीं है।

हम यह भी जानते हैं कि ईसीजीसी को बोली प्रक्रिया की पुन: जारी / पुनः आरंभ करने का भी अधिकार है, जिसके लिए प्रतिकार करने अथवा संदेह करने का कोई अधिकार नहीं हैं; इस संबंध में ईसीजीसी का निर्णय हमारे लिए अंतिम, निर्णायक और बाध्यकारी होगा। हम समझते हैं कि ईसीजीसी न्यूनतम या किसी अन्य प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है।

दिनांक .......

______________________________

(हस्ताक्षर)
प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

## अनुबंध ग
## तकनीकी बोली

### ईसीजीसी लिमिटेड में पी सी एम एम मूल्यांकन के लिए परामर्शदाता की नियुक्ति
### संदर्भ संख्या ईसीजीसी/मासंवि/पी सी एम एम /1032/01 दिनांक : 01.10. 2018

| **विवरण** | **विवरण के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले ब्यौरे** | **प्रस्तुत किए जाने वाले अनुबंधों का विवरण** |
|---|---|---|
| बोलीकर्ता का नाम | | |
| पंजीकृत कार्यालय का पता | | |
| टेलीफोन/मोबाइल नंबर | | |
| ईसीजीसी के समक्ष प्रतिबद्धता करने हेतु प्राधिकृत व्यक्ति का नाम एवं पद | | |
| बोलीकर्ता के संस्थापन की तारीख | | |
| ईमेल पता | | |
| पी सी एम एम मूल्यांकन में अनुभव | | |
| बीमा/बैंक/वित्तीय संस्थानों में पी सी एम एम सम्बन्धी अनुभव | | कृपया, यदि आवश्यक हो तो एक अलग शीट संलग्न करें । (सहायक दस्तावेज़ के रूप में संबन्धित संस्थाओं के पत्रों सहित प्रत्येक कार्य के लिए उसका परिक्षेत्र दर्शाएँ।) |
| टीम लीडर के नामों सहित व्यवसायिक कर्मचारियों की संख्या जिन्हें इस कार्य के निष्पादित के लिए संबद्ध होने का प्रस्ताव है। एक बार ईसीजीसी लि के लिए नियुक्त टीम लीडर, बिना ईसीजीसी लि की सहमति से इस कार्य से अलग नहीं सकता. | | इस दस्तावेज़ के साथ संलग्न सी वी प्रारूप के अनुसार प्रारूप में निर्धारित टीम के सदस्यों का रिज्यूम। |

**कर संबन्धित पंजीकरण**

| | | |
|---|---|---|
| पैन संख्या :<br>जी एस टी संख्या :<br>टिन संख्या : | | |

**बोलीकर्ता के भागीदारों/प्रवर्तकों का विवरण**

| क्रसं | भागीदार/प्रवर्तक का नाम | पैन संख्या |
|---|---|---|
| | | |

बोलीकर्ता के पूर्णकालिक व्यवसायिक स्टाफ का विवरण

| क्रसं | व्यवसायिक स्टाफ का नाम | पैन संख्या |
|---|---|---|
| | | |
| | | |

दिनांक :

______________________________

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर)

ई सी जी सी ECGC

**अनुबंध : घ**

**(परामर्शदाता फर्म/कंपनी के पत्रशीर्ष पर प्रस्तुत किया जाए)**

**आर एफ पी एवं ई एम डी के मूल्य हेतु आवरण पत्र**

(तकनीकी बोली के साथ संलग्न किया जाए )

प्रति,
महाप्रबंधक
मानव संसाधन विकास
ईसीजीसी लिमिटेड
दलामल हाउस, तल मंजिल
नरीमन पॉइंट
मुंबई – 400021

महोदया /महोदय

कृपया आर एफ पी दस्तावेज़ एवं बयाना जमा राशि (ई एम डी) के मूल्य हेतु डिमांड ड्राफ्ट संलग्न प्राप्त करें, विवरण निम्नानुसार है :

| क्रसं | विवरण | राशि (रु) | डी डी सं | डी डी तारीख | बैंक पर देय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आर एफ पी का मूल्य | 5,000/- | | | |
| 2 | ई एम डी | 50,000/- | | | |

भवदीय ,

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर)

संलग्न : आर एफ पी दस्तावेज़ एवं अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (ई एम डी) के मूल्य हेतु डिमांड ड्राफ्ट

दिनांक :

स्थान :

**अनुबंध च**

**वाणिज्यिक बोली**
**(वाणिज्यिक प्रस्ताव लिफाफे में प्रस्तुत किया जाए )**

**दिनांक:..........................**

महोदया /महोदय

**विषय : ईसीजीसी लिमिटेड में पी सी एम एम मूल्यांकन के लिए परामर्शदाता की नियुक्ति**

प्रस्तावित कार्य के लिए हमारी वाणिज्यिक बोली (शुल्क) निम्नानुसार है :

| | |
|---|---|
| राशि अंकों में (रु) | |
| राशि शब्दों में | |

**निबंधन एवं शर्तें**

1) उपरोक्त शुल्क में सभी व्यय एवं सभी लागू कर शामिल हैं ।

2) हम प्रस्ताव / समझौते में दी गई सभी प्रदेयताओं की पूर्ति और आरएफपी दस्तावेज में निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य को पूरा करने के लिए वचनबद्ध हैं।

3) ईसीजीसी द्वारा भुगतान जारी करते समय आयकर अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कर (टी डी एस), यदि लागू है तो, की कटौती की जाएगी।

दिनांक .......

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर)

**अनुबंध छ**

**(वचन पत्र)**
**(बोलीकर्ता के पत्रशीर्ष पर)**

हम एतदद्वारा वचनबद्ध हैं कि परियोजना के दौरान ईसीजीसी लि (उसके अन्य सेवा प्रदाताओं सहित) द्वारा दी गई जानकारी या कोई अन्य जानकारी को हम एवं हमारे कर्मचारी, परियोजना के पूरा होने के लिए बोलीकर्ता द्वारा नियोजित किसी व्यक्ति के अतिरिक्त, किसी भी अन्य व्यक्ति के समक्ष प्रकट नहीं करेंगे जब तक कि ईसीजीसी लि द्वारा इसके लिए लिखित रूप में अनुमति नहीं दी जाए। किसी भी ऐसे नियोजित व्यक्ति के समक्ष केवल परियोजना के साथ साथ उसके कार्य को पूरा करने के लिए आवश्यक होने पर ही प्रकटीकरण किया जाएगा। हमारे द्वारा नियुक्त कर्मचारी इसे सख्त गोपनीयता बनाए रखेंगे।

हम और हमारे कर्मचारी, ईसीजीसी लि से पूर्व लिखित सहमति के बिना, उपयोगकर्ता द्वारा दिए गए किसी दस्तावेज़ या सूचना का उपयोग परियोजना को पूरा करने के उद्देश्य से व्यतिरेक किसी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं करेंगे।

हम, परामर्शदाता के चयन और नियुक्ति के लिए केन्द्रीय सतर्कता आयोग के दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे । किसी भी प्रकार के उल्लंघन के मामले में, ईसीजीसी लि द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली कानूनी कार्यवाही की जा सकती है।

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर एवं मुहर)

दिनांक :

स्थान :

## अनुबंध ज

**परियोजना के लिए नियुक्त किए जाने वाले व्यावसायिक कर्मचारियों का विवरण**

(परियोजना में शामिल किए जाने वाले प्रत्येक संभावित कर्मचारी के लिए अलग पृष्ठ का उपयोग करें )

1. कर्मचारी का नाम :
2. ईमेल आई डी :
3. फोन नंबर (कार्यालय ) :
4. मोबाइल नंबर :
5. फर्म में कब से कार्यरत है उसकी दिनांक :
6. व्यावसायिक योग्यता :
7. अनुभव

| क्रसं | की गई पी सी एम एम परामर्श सेवाओं का विवरण | भारत/विदेश में दी गई सेवाओं का संक्षिप्त विवरण एवं संस्थान का नाम जहां कार्य किया गया | अवधि: दि से - दि तक |
|---|---|---|---|
| 01 | | | |
| 02 | | | |
| 03 | | | |

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर)

**अनुबंध : झ**

**प्राधिकरण पत्र प्रारूप**

(बोलीकर्ता के पत्रशीर्ष पर )

प्रति,

महाप्रबंधक
मानव संसाधन विकास
ईसीजीसी लिमिटेड
दलामल हाउस, तल मंजिल
नरीमन पॉइंट
मुंबई – 400021

महोदया/ महोदय

**विषय : प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के पक्ष में प्राधिकरण पत्र**

**संदर्भ संख्या ईसीजीसी/मासंवि/पी सी एम एम /1032/01 दिनांक : 01.10. 2018**

हम एतदद्वारा श्री/श्रीमती/कु. ………………………………………. को उक्त बोली/प्रस्ताव की प्रक्रिया अथवा परियोजना को पूरा करने संबंधी आवश्यक किसी भी दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर करने हेतु प्राधिकृत करते हैं।

नमूना हस्ताक्षर नीचे सत्यापित किया गया है:

(नाम एवं पदनाम )
प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के नमूना हस्ताक्षर

(नाम एवं पदनाम )
प्रबंध निदेशक/प्रबंध भागीदार के हस्ताक्षर

दिनांक :

स्थान :